# कुलानुशासक कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय

दिनांक 26.03.2022

**प्रेस–विज्ञप्ति**

आगामी दिनांक 29.03.2022 से प्रारम्भ होने वाली विश्वविद्यालय की स्नातक/परास्नातक कक्षाओं की प्रथम सेमेस्टर परीक्षा में शान्ति एवं व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से निम्नलिखित व्यवस्था की जाती है :–

1. विश्वविद्यालय परिसर में परीक्षार्थियों को उनके प्रवेश–पत्र देखकर प्रथम पाली में प्रातः 8.15 बजे, द्वितीय पाली में अपरान्ह् 1.15 बजे द्वार संख्या 1,2,4 एवं 5 से प्रवेश दिया जायेगा ।
2. इस परीक्षा में सम्मिलित होने वाले समस्त परीक्षार्थियों को कोविड–19 के नियमों का पालन करना होगा ।
3. परीक्षा ड्यूटी में नियोजित आचार्यो, अधिकारियों तथा कर्मचारियों को द्वार संख्या 1, 2 एवं 4 पर स्थित वाहन स्टैण्ड पर अपने वाहन रखने के उपरान्त पैदल परिसर में प्रवेश करने का कष्ट करें ।
4. परीक्षार्थी अपने साथ परीक्षा से सम्बन्धित कोई पाठ्य–सामग्री मोबाइल फोन या बैग आदि नहीं लायेंगे । निरीक्षण के समय ऐसी सामग्री पाये जाने पर उसे मुख्य द्वार के बाहर रखवा दिया जायेगा, जिसकी सुरक्षा की कोई जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की नहीं होगी । यदि यह सामग्री परीक्षा कक्ष में पायी जायेगी तो अनुचित साधन प्रयोग के अन्तर्गत उनकी परीक्षा निरस्त की जा सकती है ।
5. परीक्षार्थी अपने निर्धारित स्थल पर बैठकर ही परीक्षा देंगे । निर्धारित स्थल के अतिरिक्त अन्य जगह पर बैठकर परीक्षा देने पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी ।
6. परीक्षा अवधि में अनाधिकृत रूप से परिसर में प्रवेश करने वाले के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी । अभिभावकों से अनुरोध है कि वे भी परिसर के बाहर ही रहने का कष्ट करें ।
7. परीक्षा अवधि में आग्नेयास्त्रों (वैधानिक एवं अवैधानिक) का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा ।

**(प्रो0 राकेश द्विवेदी)**

संख्या 705-720 दिनांक :26.03.2022

प्रतिलिपि निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ के सूचनार्थ ।

प्रतिलिपि सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
2. समस्त संकायाध्यक्षों को इस आशय के साथ कि वे अपने अधीनस्थ समस्त विभागाध्यक्षों को उक्त आशय की सूचना भेजवाने का कष्ट करें ।
3. मुख्य अभिरक्षिका, लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रावास, लखनऊ ।
4. कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ ।
5. परीक्षा नियंत्रक, लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ ।
6. निदेशक, आई0पी0पी0आर0, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना समस्त समाचार –पत्रों में प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
7. इंचार्ज वेबसाहट को इस आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें ।
8. वित्त अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ ।
9. प्रभारी, पुलिस चौकी, लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ ।

26/03/2022

**(प्रो0 राकेश द्विवेदी)**

कुलानुशासक
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ